\

न्यायालय जिला कलक्टर,झालावाड़

मि0न0 15 /प्रा0पत्र/21

सरकार

बनाम

रामेश्वर आ0 उदा नि0 नाथूखेड़ी पोस्ट कोहाडिया जिला शाजापुर हाल जिला आगर(म0प्र0)

कार्यवाही अन्तर्गत धारा 6 ए आवश्यक वस्तु अधिनियम,प्रथम सूचना कमांक 120/21 थाना घाटोली, जुर्म दफा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम व बीज नियन्त्रण आदेश 1983 क्लाज- 13

प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 451 जा0फो0 बाबत सुपुर्दगी दिये जाने पिकअप- 407 एम0पी013 जी0ए0 2490

निर्णय (दिनांक 6.7.2021)

प्रा0पत्र जर्ये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया। प्रा0पत्र में प्रार्थी द्वारा अनुरोध किया गया है कि दिनांक 25.06.2021 को कृषि अधिकारी फसल एंव बीज निरीक्षक झालावाड़ द्वारा प्रार्थी के वाहन पिकअप 407 नम्बर एम.पी. 13 जीए 2490 को सोयाबिन सहित जब्त कर थाना घाटोली में मुकदमा न0 120/2021 दर्ज कराया गया है। प्रकरण में प्रार्थी को भी गिरफ्तार किया गया था जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,झालावाड़ से प्रार्थी की जमानत हुई है। प्रार्थी सुपुदर्गीदार उक्त वाहन का रजिस्टर्ड स्वामी है तथा उक्त वाहन प्रार्थी का रोजगार का जरिया है। प्रार्थी का उक्त जब्त सोयाबिन से कोई सम्बन्ध नही है,किसानों ने नलखेड़ा से सोयाबिन की खरीद की थी तथा प्रार्थी के वाहन से लोडिंग करवाकर उनके गांव ले जा रहे थे। प्रकरण में जप्त वाहन को अन्तरिम सुपुर्दगी में दिये जाने का अनुरोध किया गया है।

हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रा0पत्र का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 451 Crpc के तहत वाहन पिकअप 407 नम्बर एम.पी. 13 जीए 2490 सुपुर्दगी बाबत न्यायालय हाजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। वाहन 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत थाना घाटोली में दर्ज प्राथमिकी 120/2021 के परिणाम स्वरूप जब्त है। इस प्रकार धारा 451 Crpc के तहत उक्त प्रा0पत्र न्यायालय हाजा में पेण्डिंग नही है । धारा 451 Crpc Disposal of property pending trail cases में किमिनल कोर्ट को ही अधिकार हैं। इसी कम में यह भी ध्यान में लाया गया है कि प्रकरण में प्रार्थी को भी गिरफ्तार किया गया था जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,झालावाड़ से प्रार्थी की जमानत हुई है। उपरोक्त विवेचन से इस प्रा0पत्र के माध्यम से प्रार्थी को किसी तरह का अनुतोष प्रदान नही किया जा सकता अतः प्रा0पत्र प्रार्थी खारिज किया जाता है। प्रा0पत्र बाद दर्ज रजिस्टर फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

6/7/2021

जिला कलक्टर

झालावाड़

जिला कलक्टर

झालावाड़